Exam. Code : 216303
Subject Code : 5419

M.A. Hindi 3rd Semester (Batch 2020-22)

ADHUNIK GADH SAHITYA

Paper—XII

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

सूचना :— प्रत्येक भाग में से कम से कम एक प्रश्न का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न करें। **पाँचवा** प्रश्न किसी भी भाग में से किया जा सकता है। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

भाग—क

सप्रसंग व्याख्या :

1. मानो वह भगवान् को भी धोखा देना चाहती थी। भगवान् को भी दिखाना चाहती थी कि इस गाय के आने से उसे इतना आनन्द नहीं हुआ कि ईर्ष्यालु भगवान् सुख का पलड़ा ऊँचा करने के लिए कोई नई विपत्ति भेज दे।

2. जब घीसा नहाकर गीला अँगोछा लपेटे और आधा भीगा कुरता पहने अपराधी के समान मेरे सामने आ खड़ा हुआ, तब आँखें ही नहीं मेरा रोम-रोम गीला हो गया। उस समय समझ में आया कि द्रोणाचार्य ने अपने भील शिष्य का अँगूठा कैसे कटवा दिया था ?

भाग—ख

दीर्घ प्रश्न:

3. स्वतंत्रतापूर्व भारतीय किसानों के जीवन की त्रासदी का सच्चा चित्र 'गोदान' है; इस कथन का विवेचन कीजिए।

4. 'गोदान' की मुख्य समस्या पर प्रकाश डालिए।

भाग—ग

दीर्घ प्रश्न:

5. 'बादलों के घेरे' कहानी के प्रतिपाद्य का विवेचन कीजिए।

6. हिन्दी कहानी के प्रमुख आन्दोलन पर प्रकाश डालिए।

भाग—घ

दीर्घ प्रश्न:

7. रामा के व्यक्तित्व की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

8. शिवपूजन सहाय का सामान्य परिचय दीजिए।